# 10 लाख करोड़ के निवेश से पैदा होंगे 33.50 लाख रोजगार : नन्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एक वर्ष के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश वाली 14,000 परियोजनाएं कार्यान्वयन के लिए तैयार हैं। यह परियोजनाएं राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने के साथ-साथ प्रदेश में 33.50 लाख रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी, जिससे कई परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

लखनऊ में मंगलवार को सीआइआइ के वार्षिक अधिवेशन के मौके पर उत्तर प्रदेश, एक 'ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था इन मेकिंग विषय पर आयोजित सत्र में नन्दी ने कहा कि उप्र में विभिन्न परियोजनाओं में हो रहे 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश में सबसे ज्यादा पश्चिमांचल में अधिकतम 52 प्रतिशत, पूर्वांचल में 29 प्रतिशत व मध्यांचल में 14 तथा बुंदेलखंड पांच प्रतिशत निवेश किया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं आइआइडीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में अच्छी कानून व्यवस्था के साथ-साथ अनुकूल औद्योगिक नीतियों ने उप्र में सैमसंग, डिक्सन, सीमेंस, हिंदुजा, जीई, टाटा मोटर्स जैसी कई अन्य बड़ी कंपनियों को आकर्षित किया हैं।

सीआइआइ नार्थ रीजन के उपाध्यक्ष व जेके सीमेंट के उप प्रबंध निदेशक माधव सिंघानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गतिशील नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में उप्र के स्थिर और संतुलित विकास को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।